NT>

Title: Need to open a Central School in Maharajganj District, Uttar Pradesh.

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : सभापति महोदय, मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जनपद महाराजगंज भारत नेपाल सीमा पर स्थित है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं है जबकि कस्टम से लेकर रेलवे एवं एस.एस.बी. जैसे केन्द्रीय विभागों के कर्मचारी व अधिकारी तैनात हैं। शैक्षणिक दृटि से महाराजगंज जनपद अत्यन्त पिछड़ा हुआ जनपद है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि महाराजगंज जनपद के शैक्षणिक उन्नयन हेतु महाराजगंज जनपद के अन्तर्गत कहीं भी एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की व्यवस्था की जाए।